12_Nav pradesh Page_06.qxd 5/12/2018 7:49 AM Page 1

युकां राष्ट्रीय सचिव ने लगाई पेड़ के नीचे चौपाल

विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही राजनैतिक दलों की आम सभाएं तेज हो रही है भाजपा और कांग्रेस दोनों ही गांव गांव चौपाल लगा रहे है। इधर 13 मई को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सुकमा में विकास यात्रा निकलेंगे वही कांग्रेस भी गांव-गांव जाकर आम सभाएं कर रही है इस बीच मुख्यमंत्री की विकास यात्रा को चुनावी जुमला भी बताया जा रहा है साथ ही कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कोंटा ब्लॉक में सरकार की योजनाएं सिर्फकागजों तक सीमित है धरातल पर कुछ नही मिलता।

विकास खोजने पहुंचे दोरनापाल, मुख्यमंत्री की विकास यात्रा को बताया चुनावी जुमला

दोरनापाल (नवप्रदेश)

सुकमा जिले के दोरनापाल के पेंटा में (युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, प्रभारी सचिव छत्तीसगढ़) संतोष कोरकोंडा , प्रदेश महासचिव युवाकांग्रेस दुर्गेश राय ने पहुच कर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर आम सभा किया गया, इस दौरान आगामी चुनावी को लेकर चर्चाएं की गई, जिसमे उन्होंने कई मुद्दों पे बात कही साथ ही इस बार और भी मजबूती से चुनावी तैयारी की भी बात की, ग्रामीण इलाकों के मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी चर्चा किया गया, जिसके बाद ग्रामीणों के साथ मिलकर भोजन भी किया ।

इस दौरान जिला युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस छ. ग. प्रभारी व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दुर्गेशराय, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण मंडावी , उपाध्यक्ष प्रताप समरथ, विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुनील यादव, मगम्मा, बबिता, दूल्हे, माड़वी कन्नी महादेव ,कवासी सोनी, माड़वी कन्नी, पुनेम माशा, माड़वी देवा, सुभम, विशाल,देवा, ,युवा कार्यकर्ता व महिला कार्यकर्ता भी मौजूद रहे ।

आगामी चुनाव को देखते हुए मज़बूती से पार्टी की दावेदारी पेश करने के लिए हम लगातार सुकमा जिले के ग्रामीण अंचलों का दौरा कर रहे है , विकास यात्रा से कांग्रेस की जीत प्रभावित नही होगी क्योंकि कांग्रेस धरातल पर काम करती है कागजी विकास नही , कवासी लखमा हमेशा से यहाँ के लोक प्रिय विधायक रहे है और इस बार भी हम सिर्फकोंटा ही नही बल्कि राज्य में इस बार हमारी सरकार बनेगी ।

संतोष गोलकुंडा
युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव,प्रभारी सचिव छ.ग.

ग्रामीणों की आमसभा ली

इस दौरान संतोष कोरकोंडा की अध्यक्षता दुर्गेश राय व कांग्रेसीयों द्वारा पेंटा के ग्रामीणों के साथ पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर आमसभा ली गयी जिसमे चुनावी मुद्दे,समस्या, मांग को लेकर चचाएँ हुई । युवाओं को प्रेरित किया गया । आगामी चुनाव को लेकर युवा कार्यकर्ताओं को चुनाव में बेहतर तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही टूर्नामेंट के बीच पहुंच युवाओं का मनोबल बढ़ाया और हौसला अफजाई भी की।

पीने का साफ पानी तक नसीब नहीं

इस दौरान युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव ने 13 मई को सुकमा के गादीरास में होने वाली विकास यात्रा पर कहा जिस जिले में लोगों को पीने का पानी नसीब नही तो तालाब से गंदा पानी पीने को मजबूर हैं , पीडीएस का राशन सेल्समैन बेच खाते हैं और कार्यवाही तक नही होती , जहां सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता है ,3 महीने में 4 गर्भवती महिलाओं की की सुविधा न मिलने से मौत हो जाती है और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री उसी जिले में विकास यात्रा निकाल रहे विकास यात्रा एक चुनावी जुमला है सरकार अपनी धरातल तक पहुंचने में नाकाम रही है , कहा पिछले 14 सालों में सरकार लोगो को मूलभूत सुविधाएं तक न दे सकी, तो फिर किस बात की विकास यात्रा, ये सिर्फ चुनावी जुमला है। जिले में जो विकास हुआ विधायक के चलते हुए।

■ न्यूज गैलरी

सल्फी के पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

कोंडागांव (नवप्रदेश)। फरसगांव उरदांबेडा थाना के अन्तर्गत नक्सली क्षेत्र ग्राम कन्हारगांव में एक व्यक्ति की सल्फी पेड़ से गिरने से मौत हो गई। घटना के अनुसार मृतक रजमु मरापी पिता मोती मरापी उम्र 45 वर्ष ग्राम कन्हारगांव पटेलपारा निवासी शुक्रवार को दोपहर 12ः00 बजे अपने घर के बाड़ी स्तिथ सल्फी पेड़ पर सल्फी उतारने के लिए चढ़ा हुआ था, तभी अचानक उसका पैर फिसलने से लकड़ी के बने बाड़ी के उपर आ गिरा जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई ।घटना के समय मृतक घर पर अकेला ही था उसके उसकी पत्नी सुमन मरापी जो की आँगनबाड़ी कार्यकर्तृता के पद पर पदस्थ है वो बैंक से पैसा निकालने फरसगांव आई हुई थी और उसके बेटा प्रशांत मरापी गाँव मे ही घूम रहा था, जो घटना के कुछ देर बाद घर पर आया तो देखा की उसका पिता लहूलुहान जमीन पर मृत अवस्था मे पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना परिजनों को दी फिर परिजनों व ग्रामीणों ने उरंदाबेडा थाना मे सूचित किया। खबर मिलते ही उरंदाबेडा पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए फरसगांव भेजा गया। पोस्टमॉर्टम पश्चात शव को परिजनों को सौपा गया। उरदांबेडा पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

बीजापुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी बीजापुर अंतर्गत संचालित एसडीसी भैरमगढ़ में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन कोर्स के प्रशिक्षण हेतु विभिन्न सामग्रीयों की आवश्यकता है, जिसके लिए रूची की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक स्थानीय जिला बीजापुर के संस्था/फर्म भाव पत्र दिनांक 18 मई तक कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बीजापुर, जिला बीजापुर में सीलबंद लिफाफे में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

इस साल लक्ष्य के मुताबिक संग्रहण होगा तेंदूपत्ते का

जगदलपुर (नवप्रदेश)। 1800 रूपये प्रतिमानक बोरा की दर से बिकने वाला तेंदूपत्ता के मानक बोरा का मूल्य अब प्रदेश शासन ने बढ़ाकर 2500 रूपये कर दिया है। जिससे ग्रामीणों में हर्ष के साथ तेंदूपत्ता के संग्रहण का कार्य बढ़-चढ़ कर किया जा रहा है। इसी के चलते मई माह के मध्य में ही तेंदूपत्ता संग्रहण का 80 से 90 फीसदी लक्ष्य पूरा हो गया है और इसी माह के अंत तक निर्धारित लक्ष्य पूरा हो जायेगा।

नान अध्यक्ष लता उसेण्डी ने किया सड़क डामरीकरण का भूमि पूजन

कोंडागांव (नवप्रदेश)

नगर कोंडागॉव के सरगीपाल वार्ड के सीसी सड़को को डामरीकृत कर कायाकल्प करने 460 की दो सड़को का डामरीकरण बनने हेतु भूमि पूजन नान अध्यक्ष लता उसेण्डी एवं नगरपालिका अध्यक्ष तरसेम सिंह गिल के करकमलों से किया गया।

डामरीकरण सड़क की मांग वार्ड वासी बहुत दिनों से कर रहे थे नान अध्यक्ष लता उसेण्डी जी के प्रयासों से वार्डो में कंक्रीट सड़को का कायाकल्प करते डामरीकृत किया जा रहा है जिससे वार्ड वासियो को सड़क के उपयोग में ज्यादा सुगमता मिले। नान अध्य्क्ष के प्रयासों से नगर पालिका के विकास के लिए अधोसंरचना मद से 2.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल द्वारा प्रदाय की गई है जिसमे शहर के 12 वार्डो में सड़को का डामरीकरण किया जाएगा भुमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज जैन, आश्वनी पांडे,एल्डर मैन जितेंद्र सुराना, एल्डरमैन इरसाद खान,पार्षद मनोहर साहू,प्रतोष त्रिपाठी, मनीष साहू,मंतोष कोर्राम, इना श्रीवास्तव, सनी गुप्ता,एवं बडी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

योग प्रेरणा व योगाभ्यास से निखर रहा युवाओं का व्यक्तित्व

कोंडागांव (नवप्रदेश)

गायत्री परिवार के तत्वाधान मे युवा व्यक्तित्व निर्माण शिविर का आयोजन 8मई से 13मई तक स्थानीय ऋषि विद्यालय गायत्री शक्तिपीठ लंजोड़ा में किया जा रहा है। इस तारगम्य मे योग प्रेरणा एवं योगाभ्यास शिविर का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक किया जा रहा है। आयोजन में अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्ति कुंज हरिद्वार के प्रशिक्षको द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमे आस पास के करीब 100 से अधिक युवा प्रतिदिन उपस्थित होकर प्रशिक्षण का लाभ ले रहे है।

प्रशिक्षण के दौरान ही आयुष विभाग से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लंजोडा डॉ आर बी सिह कुशवाहा द्वारा योग से होने वाले लाभ एवं बीमारियों मे उपयोगिता के विषय में योग प्रशिक्षार्थीयो को योग और आयुर्वेद को जीवन मे अमल में लाने प्रेरित किया व होने वाले लाभ की जानकारी दी गई । बदलते मौसम के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु जानकारी देने के साथ ही आयुर्वेद औषधालय लंजोड़ा द्वारा रोग प्रतिरोधक काढ़ा भी पिलाया जा रहा है।

53 लिपिक हुए पद्दोनन्त बाबुओं में हर्ष का माहौल

■ मुद्रलेखन की जगह कम्प्यूटर हिंदी टाइपिंग की मान्यता से मिला 16 की जगह 53 को लाभ

कोंडागांव (नवप्रदेश)

बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों के सहायक ग्रेड 03 से सहायक ग्रेड 02 की पदोन्नति कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक बस्तर संभाग द्वारा दिनांक 02/06/2017 को 16 सहायक ग्रेड 03 की पदोन्नति कार्यवाही की गई थी। जिस पर पदोन्नति का आधार हिंदी मुद्रलेखन मांगा गया था। जिस पर छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव द्वारा इस संबंध में छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश 28/11/2011 के तहत वर्ष 2012 अथवा उसके पश्चात सीधी भर्ती से नियुक्त सहा. ग्रेड 03 के लिए हिंदी मुद्रलेखन के स्थान पर कंप्यूटर में हिंदी टाइपिंग अर्हरता के आधार पर पदोन्नति शासन निर्देशानुसार जारी करने का निवेदन संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग से किया गया। बस्तर संभाग द्वारा इस संबंध में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छग से मार्गदर्शन मांगी गई जिस पर शासन निर्देशानुसार एवं संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा तत्काल पूर्व में पदोन्नत 16 पदोन्नत कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश को निरस्त करने का निर्देश दिया गया। जिस पर संभागीय कार्यालय द्वारा पूर्व में किए गए पदोन्नति आदेश को निरस्त कर नई पदोन्नति की कार्यवाही कर दिनांक 02/05/2018 को 53 सहा. ग्रेड 03 की पदोन्नति आदेश जारी किया गया।

मुठभेड़ के दौरान भाग रही महिला कमांडो सहित 6 नक्सली गिरफ्तार

■ कब्जे से नक्सल सामग्री एवं साहित्य बरामद

बीजापुर (नवप्रदेश)

थाना गंगालूर से उप निरीक्षक संतोष हेमला के हमराह डीआरजी, थाना गंगालूर एवं महिला कमाण्डों तथा थाना मिरतुर से थाना एवं एसटीएफ का बल पुसनार, मेटापाल एवं टेकमेटा की ओर नक्सली गश्त सर्चिंग, नक्सली आरोपियों एवं वारंटियों की पता तलाश पर रवाना हुये थे।

गश्त सर्चिंग कर 10 मई वापसी के समय लगभग 04ः30 बजे पुसनार-मेटपाल पगडंडी मार्ग पर पूर्व से घात लगाये माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर विस्फोट कर जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग किया गया। जवाब मे पुलिस पार्टी द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर जवाबी कार्यवाही की गई पुलिस पार्टी के बढ़ते दबाव से नक्सली जंगल पहाड़ का आड़ लेकर भागने लगे।

पुलिस पार्टी द्वारा पीछा करते हुये तत्काल घेराबंदी कर भागते हुये 06 माओवादियों को पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सलियों में कुमारी लक्ष्मी पूनेम, संतु पूनेम, आयतु पूनेम, राजू पोटाम, पूनेम लक्खू और पूनेम मनकू हैं। पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से 1 नग कार्डेक्स वायर, 02 नग तीर-धनुष, बिजली का तार, थैला, नक्सली साहित्य एवं नक्सली वर्दी बरामद किया गया। प्रकरण में थाना गंगालूर में अपराध क्रमांक 07/2018 धारा 147,148,149,307 ताहि, 3,4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया।

सुकमा के 132/33 केव्ही स्टेशन का विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम किया गया उद्घाटन

सुकमा (नवप्रदेश)

सुकमा नगर के समीप दन्तेवाड़ा मार्ग में 132 केव्ही सब स्टेशन का लोकार्पण विकास यात्रा के पहले दिन दन्तेवाड़ा से माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इसका सीधा प्रसारण विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुकमा के सब स्टेशन पर किया गया। जिसमें जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य तथा जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण इस लोकार्पण के अवसर पर मौजूद रहे। ज्ञात हो कि सुकमा का 132 केव्ही सब स्टेशन का निर्माण 23 करोड़ 37 लाख की लागत से किया गया हैं। इस सब स्टेशन के निर्माण से सुकमा में विद्युत व्यवस्था में सुधार होगा।

सीएम करेंगे 223 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास

■ विकास यात्रा की तैयारियों में गुणवत्ता का रखे खयाल-कलेक्टर

■ कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों की बैठक

नारायणपुर (नवप्रदेश)

जिला प्रशासन ने विकास यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी है। जिला मुख्यालय नारायणपुर में 14 मई को मुख्यमंत्री जनता को संबोधित करेंगे। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला अधिकारियों की बैठक में तैयरियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री की आमसभा मुख्यालय के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में सवेरे 11:30 बजे आयोजित होगी। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को कार्यक्रम के अमांत्रण वितरण, सभा स्थल पर पंडाल एवं साज-सजा, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल और साफ-सफाई की समुचित इंतजाम के निर्देश दिये। श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री की आमसभा और जिला स्थापना दिवस के अवसर पर लगायी जाने वाली विभागीय प्रदर्शनियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गर्मी को मद्देनजर रखते हुए दर्शक दीर्घा पंडाल और पंडाल के बाहर भी ठंडे पेयजल की व्यवस्था पर ज्यादा जोर देते हुए कहा कि भीड़ को देखते हुए पानी का भरपूर भंडारण किया जाये। उन्होंने पंडाल के अंदर कूलर, पंखा, और एलईडी स्क्रीन की समय रहते तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कह कि दर्शक दीर्घा में वाटर मेन के लिए एनसीसी एवं एनएसएस के वालेंटियर की सेवाएं ली जा सकती है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर भी समाज सेवी संगठनों से अनुरोध किया जा सकता है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपा है, उनका निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि लोकार्पण और भूमिपूजन शिलालेखों पर उल्लेखित किये जाने वाले नाम, तारीखों इत्यादि का सावधानी से ध्यान रखें जाये किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। इसके अलावा प्रोटोकॉल का भी ध्यान रखा जाये। सभी काम गुणवत्ता और समय-सीमा में पूरे किये जाये। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत् वितरित किये जाने वाली सामग्री यथोचित स्थान पर पहले से ही रख ली जाये और हितग्राहियों को उसी क्रम में बिठाया जाये ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।